
TEACHERS OF BIHAR

# दैनिक ज्ञानकोश

सीखें-सिखाएं, बिहार को आगे बढ़ायें




teachersofbihar@gmail.com

https://twitter.com/teachersofbihar

https://www.youtube.com/c/teachersofbihar

जयंती विशेष

14 जनवरी 2025

# Teachers of Bihar

The Change Makers


## आज का सुविचार

इतिहास के पन्नों में नाम उन्हीं के दर्ज होते हैं

जो पागलपन की हद से गुजरते हैं।

दशरथ मांझी


( माउंटेन मैन )



जन्मः 14 जनवरी 1934 मृत्युः 17 अगस्त 2007

राकेश कुमार

www.teachersofbihar.org


14 जनवरी 2025
Teachers of Bihar
The Change Makers
आज का सुविचार
दुश्मन का लोहा गर्म भले ही हो, पर हथौड़ा तो ठंडा ही काम दे सकता है।
- सरदार वल्लभ भाई पटेल
Vishwa Vijay Singh
www.teachersofbihar.org

Teachers of Bihar
The Change Makers
Email us : teachersofbihar@gmail.com

# दिवस ज्ञान

**14 जनवरी**

Gyan Drishti
Diwas Gyan

विक्रम संवत् 2081, माघ माह, कृष्ण पक्ष, प्रतिपदा तिथि, मंगलवार 14 जनवरी 2025

संपादक – शशिधर उज्ज्वल मोबाइल न0– 7004859938 email : ujjawal.shashidhar007@gmail.com

## आज का विचार

"लोगों को अपने सपने मत बताओ, बस उन्हें पुरा करके दिखाओ, क्योंकि लोग सुनना कम देखना ज्यादा पसंद करते हैं।"

–ए.पी.जे. अब्दुल कलाम

DIWAS GYAN

## आज के दिन

1551– मुगल साम्राज्य में अकबर के दरबार के नवरत्नों में से एक अबुल फजल का जन्म।

1742– प्रसिद्ध खगोलशास्त्री एडमंड हैली का निधन।

1926– लेखिका और सामाजिक कार्यकर्ता महाश्वेता देवी का जन्म।

1934 – 'बिहार का माउंटेन मैन' के नाम से प्रसिद्ध दशरथ मांझी का जन्म।

1937– हिन्दी साहित्यकार जयशंकर प्रसाद का निधन।

1. **अंतर्राष्ट्रीय पतंग दिवस**– पतंगबाजी विश्व के पुराने खेलों में से एक है। माना जाता है कि दुनिया की पहली पतंग एक चीनी दार्शनिक 'हुआंगथेग' ने बनाई थी। चीन के बौद्ध तीर्थयात्रियों द्वारा पतंगबाजी भारत में आया। भारत में अंतर्राष्ट्रीय पतंग महोत्सव की शुरूआत वर्ष 1989 में अहमदाबाद में हुई थी।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को पतंग की ज्यामितीय आकृति और ज्यामितीय गुणों के बारे में बता सकते हैं। वैसे आज बच्चों को पतंगबाजी सिखायें। इसमें उनके साथ–साथ आपको भी मजा आयेगा।
2. **मकर संक्राति /पोंगल/ खिचड़ी/ पतंगोत्सव/ घुघुतिया का त्योहार**– यह सूर्य के मकर राशि में प्रवेश का प्रतीक है। मकर संक्रांति के दिन से धरती का उत्तरी गोलार्द्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। इस दिन से ठंड कम होने लगता है।
   - **संदर्भ:** बच्चों से **पर्यावरण और हम भाग 2, पाठ 4 'त्योहार और भोजन'** अथवा **किसलय भाग–1, पाठ 17 'फसलों के त्योहार'** के संदर्भ में चर्चा करें।
3. **अररिया, तथा किशनगंज जिले का स्थापना दिवस**– 14 जनवरी, 1990 ई. को पूर्णिया जिले को विभाजित कर अररिया तथा किशनगंज जिला की स्थापना की गई थी। किशनगंज बिहार का एकमात्र मुस्लिम बहुल जिला हैं जहाँ मुस्लिमों को जनसंख्या 68 प्रतिशत है।
   - **बच्चों को क्या बतायें?** बच्चों को मानचित्र पर अररिया तथा कि"नंज जिले की अवस्थिति पता करने के कहें। इन दोनों जिले की प्रमुख फसल, नदियों आदि की जानकारी प्राप्त करें।
4. **पानीपत का तीसरा युद्ध**– पानीपत का तीसरा युद्ध मराठा तथा अफगान शासक अहमदशाह अब्दाली के साथ 14 जनवरी, 1761 ई0 को हुआ था। अहमदशाह ने पाँचवी बार भारत पर आक्रमण किया था। इस युद्ध में मराठा बुरी परास्त हुए। अहमदशाह ने वापस जाने के पूर्व नजीबुद्दौला को 'मीर बख्शी' नियुक्त किया।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 9, पृष्ठ 154**
   - संभव हो तो आशुतोष गोवारिकर द्वारा निर्देशित फिल्म **'पानीपत'** बच्चों को दिखायें।
5. **अबुल फ़जल का जन्म**– मुगल बादशाह अकबर के नवरत्नों में से एक अबुल फजल, अकबर का मुख्य सलाहकार और सचिव थे। उसका जन्म 958 हिजरी (6 मुहर्रम, 14 जनवरी, 1551ई. ) को आगरा में हुआ था। उसका पूरा नाम अबुल फजल इब्न मुबारक था। उसे साहित्य, इतिहास और दर्शनशास्त्र का बहुत ज्ञान था। अबुल फजल ने 'आइने अकबरी' और 'अकबरनामा' की रचना की थी। अबुल फज़ल ने पंचतंत्र का अनुवाद 'अनवर–ए–सादात' नाम से किया था।
   - **संदर्भ: अतीत से वर्तमान भाग 2, पाठ 4, पृष्ठ 69** के संबंध में बच्चों से चर्चा करें।
6. **तमिलनाड राज्य का नामकरण**– 14 जनवरी 1969 को तमिलनाडु राज्य का नामकरण हुआ। तमिलनाडु का मूल नाम चोलमंडलम था, जिसका आशय चोल प्रदेशों से है। इससे पूर्व तक इस प्रदेश को मद्रास के नाम से जाना जाता था।
7. **दशरथ मांझी का जन्म**– 'माउंटेन मैन' के नाम से मशहुर दशरथ मौंझी का जन्म 14 जनवरी 1934 ई. को बिहार में गया के करीब गहलौर गाँव में हुआ था। उन्होंने 22 वर्षों परिश्रम के अकेले ही 360 फुट लंबी 30 फुट चौड़ी और 25 फुट ऊँचे पहाड़ को काट के एक सड़क बना डाली।
   - **संदर्भ: संस्कृत** के पाठ 'संकल्पवीरः दशरथ मांझी' से जोड़कर चर्चा करें।
   - संभव हो तो फिल्म **'माउंटेन मैनः दशरथ मांझी'** बच्चों को दिखाये।



website: https://www.teachersofbihar.org/publication/diwasgyan https://www.teachersofbihar.org/publication/gyandrishti

# Teachers of Bihar
The change makers

# दिवस विशेष 14 जनवरी

मधु प्रिया

## अररिया एवं किशनगंज जिला स्थापना दिवस 14 जनवरी







ब्रिटिश काल के दौरान, क्षेत्र जहां श्री फोर्ब्स का बंगला स्थित था, उसे “आवासीय क्षेत्र” कहा जाता था, जो कि लोगों को आर एरिया में संक्षिप्त किया गया था। समय के साथ आर एरिया उच्चारण से अररिया जिला का नाम का अधिग्रहण हुआ। 1964 में तत्कालीन पूर्णिया जिला का वर्तमान समय में जिला का क्षेत्र अररिया उपखंड बन गया। अररिया जिला 14 जनवरी 1990 में पूर्णिया प्रमंडल के तहत प्रशासनिक जिला बना ।किशनगंज बिहार की राजधानी पटना से 425 किमी उत्तर-पूर्व में स्थित यह जगह पहले कृष्णाकुंज के नाम से जाना जाता था। बंगाल, नेपाल और बंगलादेश की सीमा से सटा किशनगंज पहले पुर्णिया जिले का अनुमंडल था। बिहार सरकार ने 14 जनवरी 1990 को इसे पूर्ण रूप से जिला घोषित कर दिया। पर्यटन की दृष्टि से यहां पर पर्यटक खगरा मेला, नेहरु शांति पार्क, चुर्ली किला जैसी जगहें घूम सकते है। यहां से पानीघाट, गंगटोक, कलिंगपोंग, दाजर्लिंग जैसे पर्यटन स्थल भी कुछ ही दूरी पर स्थित हैं।

# मकर संक्रांति विशेष 14 जनवरी

राकेश कुमार





**मकर संक्रान्ति** *Makar Sankranti*) भारत के प्रमुख त्यौहारों में से एक है। यह पर्व प्रत्येक वर्ष जनवरी के महीने में समस्त भारत में मनाया जाता है। इस दिन से सूर्य उत्तरायण होता है, जब उत्तरी गोलार्ध सूर्य की ओर मुड़ जाता है। परम्परा से यह विश्वास किया जाता है कि इसी दिन सूर्य मकर राशि में प्रवेश करता है। यह वैदिक उत्सव है। इस दिन **खिचड़ी का भोग** लगाया जाता है। गुड़–तिल, रेवड़ी, गजक का प्रसाद बाँटा जाता है। इस त्यौहार का सम्बन्ध प्रकृति, ऋतु परिवर्तन और कृषि से है।




दशरथ माँझी (जन्म: **14** जनवरी **1934– 17** अगस्त **2007** ) जिन्हें "माउंटेन मैन"के रूप में भी जाना जाता है, बिहार में गया के करीब गहलौर गाँव के एक गरीब मजदूर थे। केवल एक हथौड़ा और छेनी लेकर इन्होंने अकेले ही **360** फुट लंबी **30** फुट चौड़ी और **25** फुट ऊँचे पहाड़ को काट के एक सड़क बना डाली। **22** वर्षों परिश्रम के बाद, दशरथ के बनायी सड़क ने अतरी और वजीरगंज ब्लाक की दूरी को **55** किमी से **15** किलोमीटर कर दिया।

# दिवस प्रेरणा 14



## जयशंकर प्रसाद

( भारतीय साहित्यकार )

## सातवीं दर्जे तक ही पढ़ाई कर पाये ...

### संघर्ष

प्रसाद जी की प्रारंभिक शिक्षा काशी के क्वींस कॉलेज में हुई थी। परंतु यह शिक्षा अल्पकालिक थी। छठे दर्जे में वहाँ शिक्षा आरंभ हुई थी और सातवें दर्जे तक ही वे वहाँ पढ़ पाये। घर पर ही संस्कृत, वेद, इतिहास आदि का अध्ययन किया। ग्यारह वर्ष की उम्र में पिता का, पन्द्रह वर्ष की उम्र में उनकी माता का तथा सत्रह वर्ष की उम्र में बड़े भाई का देहान्त हो गया। पारिवारिक स्थिति खराब होने पर पैतृक सम्पत्ति बेचकर कर्ज से छुटकारा पाया। क्षय रोग ने भी इनके जीवन का पीछा नहीं छोड़ा। इनकी पहली तथा दूसरी पत्नी का निधन क्षय रोग के कारण हो गया। उनका भी निधन क्षय रोग के कारण ही हुआ था।

### सफलता

इनकी लेखनी में गज़ब की ताकत थी। 'कंकाल' (उपन्यास), उर्वशी (चम्पू), अजातशत्रु, ध्रुवस्वामिनी, चन्द्रगुप्त (नाटक), कामायनी (काव्य) आदि इनके मशहुर कृतियां हैं। माना जाता है कि मात्र नौ वर्ष के उम्र में ही इन्होंने 'कलाधर' नाम से पहली कृति लिख कर साहित्य के प्रति अपनी रूचि जाहिर कर दी थी। जयशंकर प्रसाद जी को हिंदी साहित्य में नाटक को नई दिशा देने के कारण 'प्रसाद युग' का निर्माणकर्ता तथा छायावाद का प्रवर्तक कहा गया है। आज इनकी लिखी कविताये जैसे हिमाद्री तुंग श्रृंग से, अरूण यह मधुमय देश हमारा, भारत महिमा आदि पाठ्यपुस्तकों में भी शामिल किया गया है।

संकलन : शशिधर उज्ज्वल. ई मेल- ujjawal.shashidhar007@gmail.com
प्रस्तुति: टीचर्स ऑफ बिहार. contact us : www.teachersofbihar.org \ info@teachersofbihar.org

# Teachers of Bihar

The Change Makers

राकेश कुमार

# शिक्षा शब्दकोश

आज का शब्द **14.01.2025**

## शून्य निवेश नवाचार

शून्य निवेश नवाचार, शिक्षा में ऐसे नवाचारों को कहते हैं जिनमें स्कूल और समुदाय के मौजूदा संसाधनों का बेहतर इस्तेमाल करके शिक्षा में सुधार किया जाता है. शून्य निवेश नवाचार के ज़रिए, स्कूलों में शिक्षा का माहौल बेहतर बनाने के लिए शिक्षकों को प्रशिक्षण दिया जाता है. इस प्रशिक्षण के ज़रिए, शिक्षा ढांचे के सभी स्तंभों को मज़बूत बनाया जाता है ।

# रोचक तथ्य/सामान्य ज्ञान

Rakesh kumar



नीदरलैंड दुनिया का एकमात्र ऐसा देश है जहां
साइकिल को यातायात नीति का मुख्य हिस्सा बनाया गया है।
यहां के लोग साइकिल को सिर्फ एक साधन नहीं, बल्कि
जीवनशैली का हिस्सा मानते हैं। यहां 35,000 किलोमीटर से
ज्यादा लंबी साइकिल लेन मौजूद हैं और यह दुनिया का
सबसे बड़ा साइकिल लेन नेटवर्क है।

# TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS

QUIZ TIME

# Today's Quiz

## Quiz Number 498

**प्रोजेक्ट चीता की शुरुआत किस वर्ष नामीबिया से आठ चीते लाकर की गई थी ?**

A. वर्ष 2020

B. वर्ष  2022

C. वर्ष 2024

D. वर्ष 2025



www.teachersofbihar.org

# ToB बालमन

## गुणकारी सब्ज़ी



# मटर

मटर या मटरशुंटी एक फूल धारण करने वाला द्विबीजपत्री पौधा है। मटर का वानस्पतिक नाम पिसम सैटिवम है जो फैबेसी परिवार से संबंधित है। इसकी जड़ में गांठे मिलती हैं। इसकी संयुक्त पत्ती के अगल कुछ पत्रक प्रतान में बदल जाते हैं। यह शाकीय पौधा है जिसका तना खोखला होता है। मटर की डाल में भी कई तरह के विटामिन्स और खनिज होते हैं। पहले के समय में हरी मटर को केवल सीजन आने पर ही खाया जाता था लेकिन अब बढ़ती टेक्नोलॉजी के चलते हरी मटर के दानो को निकाल कर उन्हें वैक्यूम कर फ्रोज़न कर दिया जाता है जिससे की हरी मटर पूरे साल भर मिल सकती है, और इसके अलावा हरी मटर के दानो को सूखा कर भी इसे उपयोग किया जाता है, सुखाने के बाद खड़ी मटर को दो हिस्सों में तोड़ दिया जाता है और उसे मटर की दाल का रूप दे दिया जाता है। इसमें विटामिन-सी, मैग्नीशियम, पोटैशियम और कैल्शियम जैसे पोषक तत्व पाए जाते हैं, जो हृदय स्वास्थ्य को बढ़ावा देते हैं। मटर में घुलनशील फाइबर भी पाया जाता है, जो कोलेस्ट्रॉल के स्तर को सामान्य करता है इससे आप दिल से जुड़ी बीमारियों से बच सकते हैं।

धीरज कुमार




# इंग्लैंड का भारत दौरा

(22 जनवरी से 12 फरवरी)

| T20I सीरीज का शेड्यूल | | |
|---|---|---|
| पहला T20I | 22 जनवरी 2025 | कोलकाता (ईडन गार्डन्स) |
| दूसरा T20I | 25 जनवरी 2025 | चेन्नई (एमए चिदंबरम स्टेडियम) |
| तीसरा T20I | 28 जनवरी 2025 | राजकोट (सौराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) |
| चौथा T20I | 31 जनवरी 2025 | पुणे (महाराष्ट्र क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) |
| पांचवां T20I | 2 फरवरी 2025 | मुंबई (वानखेड़े स्टेडियम) |

| वनडे सीरीज का शेड्यूल | | |
|---|---|---|
| पहला ODI | 6 फरवरी 2025 | नागपुर (विदर्भ क्रिकेट एसोसिएशन स्टेडियम) |
| दूसरा ODI | 09 फरवरी 2025 | कटक (बाराबाती स्टेडियम) |
| तीसरा ODI | 12 फरवरी 2025 | अहमदाबाद (नरेंद्र मोदी स्टेडियम) |

# विभिन्न तत्वों से परिचय

रसायनविज्ञान

वर्ग - 9-10

# तत्व (Element)

## बेरेलियम(Bereliyum)

संकेत (symbol) - **Be**

परमाणु संख्या (Atomic no.) -4

परमाणु भार A. weight -9.012

समूह (group)-2


आवर्त (period)-2

ब्लाक (block)-S

संयोजकता (valancy)-2

समस्थानिक (Isotope)-4

इलेक्ट्रॉनिक विन्यास -$1S^2 2S^2$




## खोज

1798,लुई निकोलस

## भौतिक गुण

स्टील ग्रे रंग, कठोर,हल्की और भंगुर क्षारीय मृदा धातु

## रासायनिक गुण

अम्लों में धुलनशील, सहसंयोजक बंधन विषैली धातु


## उपयोग

मिसाइल, अंतरिक्ष यानों में, एक्स-रे उपकरणों में

Anu priya


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
TEACHERS OF BIHAR FAMILY WISHES
HAPPY
Makar Sankranti
TO ALL
14 January 2025
Madhu priya
/teachersofbihar

# अररिया जिला स्थापना दिवस
## 14 जनवरी 1990




**समस्त जिला वासियों को टीचर्स ऑफ बिहार परिवार की ओर से अररिया जिला स्थापना दिवस की हार्दिक शुभकामनाएं।**

/teachersofbihar

Madhu priya

# किशनगंज




## 14 जनवरी

# जिला स्थापना

दिवस पर समस्त जिलेवासियों को हार्दिक शुभकामनाएं।



Madhu priya


Have a fun but remember to save us
Happy
Makar Sankranti
May you rise high just like the colourful kites in the sky.
SAVE BIRDS
www.teachersofbihar.org


TEACHERS OF BIHAR
THE CHANGE MAKERS
दशरथ माँझी
जन्म-14 जनवरी 1929
मृत्यु- 17 अगस्त 2007
Madhu priya
/teachersofbihar